# आकाशवाणी मध्यप्रदेश
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 02.09.2096 समय : 02.10PM

### पीएम संस्कृत श्लोक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक संस्कृत सुभाषित साझा किया, जिसमें निडरता का भाव जगाने और जीवन बचाने के गुणों पर बल दिया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जो कोई भी लोगों का डर दूर करता है, उसे बहुत आशीर्वाद मिलता है और तीनों लोकों में जीवन बचाने से बड़ा कोई मूल्यवान उपहार नहीं है।

सेवा संकल्प अभियान समीक्षा बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज 'मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान' पोर्टल लॉन्च किया। उन्होंने बताया कि अभियान के चार सप्ताह सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं। पोर्टल पर अभियान के तहत किए गए भ्रमण, निरीक्षण, जनसंवाद, उद्यम संवाद और जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों की जानकारी दर्ज की जाएगी। डॉ. यादव ने इसके साथ ही 'सेवा संकल्प अभियान' की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक भी की। यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 साल पूरे होने के मौके पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। अभियान के जरिए केंद्र और राज्य सरकार की सेवा, सुशासन और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक घर-घर पहुंचाई जाएगी।

### सिंधिया- शिवपुरी

केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने आज शिवपुरी में अत्याधुनिक प्रधान डाकघर का लोकार्पण किया। इस डाकघर को आधुनिक सुविधाओं के साथ तैयार किया गया है। यहां स्पीड पोस्ट, बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, आधार, पार्सल और वित्तीय सेवाएं एक ही जगह मिलेंगी। इसके बाद श्री सिंधिया ककरवाया क्षेत्र में 85 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले देश के सातवें डाक प्रशिक्षण केंद्र का भूमिपूजन भी किया। इस केंद्र में प्रदेश के साथ आसपास के राज्यों के डाक विभाग के कर्मचारियों को भी उच्चस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

ग्वालियर बलराम कृषि महोत्सव

ग्वालियर में आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में बलराम जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। किसान कल्याण वर्ष के तहत हो रहे इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड पोर्टल और कृषक कवच योजना की शुरुआत करेंगे। डॉ. यादव, प्रदेश में नवीन पंजीकृत 200 प्राथमिक कृषि सहकारी संस्थाओं के कार्यालयों का भी शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम में उत्कृष्ट जिला सहकारी बैंकों, पैक्स संस्थाओं और किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

सीएम मोहन यादव- ट्रांसफॉर्मर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 4 सितंबर को सीहोर में सीजी पावर की नई पॉवर ट्रांसफॉर्मर यूनिट से पहले ट्रांसफॉर्मर के रोल-आउट की शुरुआत करेंगे। करीब 50 एकड़ में बनी यह भारत की एक ही जगह पर स्थित सबसे बड़ी पॉवर ट्रांसफॉर्मर विनिर्माण सुविधाओं में से एक है। यहां 220 से 1200 केवी तक के ट्रांसफॉर्मर बनाए जाएंगे। यूनिट में हर महीने 35 पॉवर ट्रांसफॉर्मर तैयार करने की क्षमता होगी, जिन्हें देश के साथ विदेशी बाजारों में भी भेजा जाएगा। इनका इस्तेमाल बिजली, डेटा सेंटर, रेलवे, रिन्यूएबल एनर्जी, तेल-गैस और ट्रांसमिशन से जुड़ी परियोजनाओं में होगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आयोजन

प्रदेश में इस बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। प्रदेश के 81 प्रमुख कृष्ण मंदिरों में विशेष सजावट, भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे, वहीं मुख्यमंत्री निवास पर 4 सितंबर को 1000 से ज्यादा बच्चों को बाल कृष्ण के रूप में तैयार कर कार्यक्रम कराया जाएगा। स्कूलों में मटकी फोड़, बांसुरी, झांकी और चित्रकला जैसी प्रतियोगिताएं होंगी, जबकि गोशालाओं में सफाई, गौ-पूजन और पशु स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। भोपाल में सात दिवसीय श्रीरासलीला समारोह के साथ श्रीकृष्ण से जुड़े प्रमुख स्थानों पर भी स्थानीय स्तर पर आयोजन किए जा रहे हैं. आगरमालवा जिले के मुरली मनोहर मंदिर में Hkh श्रीकृष्ण पर्व धूमधाम से आयोजित किया जाएगा।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में स्ट्रॉन्ग मानसूनी सिस्टम की वजह से बारिश का दौर जारी है। जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के कई जिलों में बाढ़ जैसे हालात हैं, जबकि सतना और चित्रकूट सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही है और रामघाट की करीब 400 दुकानें और 20 से 25 होटल पानी में डूब गए हैं। मौसम विभाग ने आज 7 जिलों में अति भारी और 15 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तेज बारिश को देखते हुए सतना में 2 और 3 सितंबर को स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ियों में छुट्टी घोषित की गई है।

अब कुछ समाचार संक्षेप में:-

- गुना जिले में कलेक्टर ने जिला कलेक्ट्रेट सभागार में निर्माण विभागों की समीक्षा बैठक लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।
- खंडवा जिले के ओंकारेश्वर में परिवहन विभाग की जांच कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले बस और ऑटो चालकों पर तीन लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया।
- आगरमालवा की ग्राम पंचायत जमुनिया, गाता, बाजना, रामपुर भुण्डवास तथा नलखेड़ा जनपद पंचायत के वार्ड 06 व 11 और सुसनेर उपचुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू की गयी है।
- इंदौर जिले के शासकीय लता मंगेशकर संगीत महाविद्यालय में आगामी 10 सितम्बर को संभागीय लता मंगेशकर सुगम संगीत प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

-----------------------------